**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–30.05.2024 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **दुमका, गोड्डा और राजमहल में एक जून को होने वाले मतदान को लेकर समाप्त हो गया चुनाव प्रचार, अंतिम दिन सभी दलों ने लगाया जोर।**
- **रांची में इस्पात को लेकर दो दिनी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू, इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा–देश को स्टील उत्पादन के क्षेत्र में बनाना है आत्मनिर्भर।**
- **बोकारो और गिरिडीह में तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत, सभी भाव बरामद।**
- **राजधानी रांची सहित राज्यभर में लू का प्रकोप जारी, सरायकेला में लू लगने से एक व्यक्ति की मौत, गिरिडीह में बेहो□ा होकर कुएं में गिरी महिला।**

****************

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में झारखंड की तीन लोकसभा सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा के लिए आज शाम 5 बजे चुनावी प्रचार का शोर थम गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य के चौथे और अंतिम चरण में तीनों संसदीय क्षेत्रों में कुल 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज सभी राजनीतिक दलों ने जोर लगाया। एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों ने चुनावी सभाएं की।

****************

साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने अंतिम चरण में राजमहल लोकसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर सशस्त्र बलों और बलों के कम्पनी कमांडरों के साथ बैठक की। इस दौरान राजमहल लोकसभा क्षेत्र में मतदान से पहले फ्लैग मार्च, जिला पुलिस बल के साथ मिलकर एंटी क्राइम चेकिंग, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, मतदान के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने की जानकारी दी गई। साथ ही सशस्त्र बलों को बूथों पर मुस्तैदी से तैनात रहने का निर्देश दिया गया।

****************

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान को लेकर गिरिडीह जिले की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

****************

देशभर के साथ ही चतरा लोक सभा सीट के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना से पहले चतरा जिला प्रशासन सभी तैयारियां पूरी करने में जुटा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने आज मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। वहीं संबंधित अधिकारियों को चार जून को सुबह साढ़े पांच बजे मतगणना केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने मतगणना केंद्र पर मेडिकल सुविधा, पीने के पानी की उपलब्धता, पंडाल और साउंड सिस्टम व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

****************

राजधानी रांची के श्यामली स्थित सेल एमटीआई सभागार में आज इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस सम्मलेन की शुरुआत इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने की। मेकॉन और सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव ने कहा कि देश को स्टील निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत इस्पात के क्षेत्र में दुनिया में दूसरे नंबर पर है। इस दौरान उन्होंने इस्पात उत्पादन बढ़ाये जाने पर जोर दिया।

****************

पीएमएलए कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत आठ लोगों की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व हेमंत सोरेन को आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अगली पेशी तेरह जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। हेमंत सोरेन एक फरवरी से न्यायिक हिरासत में हैं।

****************

टेंडर कमीशन मामले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को चौदह दिनों की पूछताछ के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार भेज दिया गया।

****************

बोकारो जिले के पेटरवार में तालाब में डूबने से तीन बच्चों मौत हो गई। तीनों शव बिंदेश्वर धाम परिसर स्थित अमृत तालाब से बरामद किये गये हैं। ये तीनों शव उन्हीं बच्चों के हैं जो कल से लापता थे। उधर, गिरिडीह में भी तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि जिले के देवरी थाना क्षेत्र में दोनों बच्चे तालाब में नहाने गये थे और गहरे पानी में डूब गये।

****************

रामगढ़ शहर के विद्यानगर में बीती देर रात लुटेरों ने लूटपाट के बाद घर में महिला को जिंदा जला कर मार डाला। सुबह घर से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।

****************

रांची में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव पर रोक लगाने के उद्देश्य से आज नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता और सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय़ लिया गया।

****************

## संक्षिप्त खबरें

- गुमला जिला मुख्यालय स्थित विज्ञान केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का आज समापन हो गया। इस तीन दिवसीय समर कैंप में थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स तथा विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों से बच्चों को अवगत कराया गया। इस मौके पर जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी 28 प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया।
- गढ़वा सदर अस्पताल में आज जेल में बंद एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पत्नी ने मौत के लिए जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

- हजारीबाग के बड़कागांव में 10 दिन के अंदर 9 ट्रैक्टर को आग के हवाले करने वाले 5 अपराधियों को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है।
- गढ़वा के नगरऊंटारी में आज नवादा मोड़ के पास एक ऑटो के पलटने से उसमें सवार आठ लोग घायल हो गए।

****************

राजधानी रांची सहित राज्यभर में लू चल रही है। राज्य के ज्यादातर जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार एक जून तक मौसम में कोई बदलाव की संभावना नहीं है। इधर, सरायकेला–खरसावां जिले में लू की चपेट में आकर एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। इस वृद्ध व्यक्ति का शव आदित्यपुर थाना क्षेत्र के जयप्रकाश उद्यान के पास मिला है। इससे पहले कल शाम भी आदित्यपुर बिजली ऑफिस के पास एक वृद्ध महिला की लू लगने से मौत हो गई थी। उधर, देवघर जिले में भी लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए संप्रेषण गृह सह बाल सुधार गृह में 10 कूलर के साथ एक वाटर कूलर लगाया गया है। जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि सुधार गृह में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है।

****************

पलामू जिले में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से परामर्श जारी किया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने लोगों से सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। इधर गिरिडीह जिले में भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट से लोग परेशान हैं। वहीं  शहर के धरियाडीह मुहल्ला में भीषण गर्मी से बेहोश होकर एक महिला कुआं में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने महिला को निकाला।

**********समाप्त**********